## पुलिस के पहुंचने के पहले हुए फरार

# आधी रात के बाद शमशान घाट पहुंचे 7 संदिग्ध

**दो कारों से पहुंचे 5 पुरुष और 2 महिलाएं,तांत्रिक पूजा की आशंका**

सिटी कोतवाली के नजीराबाद इलाके में स्थित मुक्तिधाम में मंगलवार-बुधवार की दरमियानी रात करीब साढ़े 3 बजे एक संदिग्ध घटना सामने आई। यहां दो कारों से 7 लोग मुक्तिधाम पहुंचे। इनमें 5 पुरुष और 2 महिलाएं शामिल थीं।

हरिभूमि न्यूज, सतना।







संदिग्धों ने चिता जलाने के स्थान पर करीब आधा घंटा तक पूजा की और दिए जलाए। मुक्तिधाम के पास रहने वाले लोगों को कार देखकर शक हुआ और उन्होंने पुलिस को सूचना दी। पुलिस के आने से पहले ही सभी लोग वहां से फरार हो गए।

### तांत्रिक पूजा करने की आशंका

मुक्तिधाम के अघोरी बाबा के अनुसार ये लोग बनारस से आए थे। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर अघोरी बाबा से पूछताछ की। पुलिस को आशंका है कि ये लोग तांत्रिक पूजा के लिए आए थे।

### सीसीटीवी खंगाल रही पुलिस

टीआई रावेंद्र द्विवेदी ने बताया कि पुलिस आरोपियों की तलाश में मुक्तिधाम के आसपास लगे सी सी टीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है। इससे पहले भी मुक्तिधाम में रात में घुसकर मूर्तियां खंडित करने के मामले में कुछ लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है। पुलिस ने मुक्तिधाम के बाबा को रात में गेट न खोलने की हिदायत दी है।

### पहले भी कई लोग कर चुके हैं पूजा

वैसे मुक्ति धाम में पूजा अर्चना की बात की जाए तो यहां पर पहले भी कुछ लोग दीपावली के समय पूजा अर्चना करने आ चुके हैं। कई बार यहां पर पूजा पाठ होने की खबरें सामने आई है। लेकिन जिस तरह से बीती रात संदिग्ध लोग यहां पर आए हैं ऐसा पहली बार हुआ है।

## खबर संक्षेप

### मैहर में आधार कार्ड सेंटर कम होने की वजह से लोग परेशान



**मैहर।** यहां आधार कार्ड सेंटर कम होने से लोगों को खामियाजा भुगतना पड रहा है आए दिन ई-के वाईसी संबंधित समस्या को लेकर लोग आधार कार्ड सेंटर पहुंचते हैं जहां लिमिटेड संख्या में ही टोकन दिया जाता है जिसकी वजह से कई लोगों को मायूस होकर लौटना पड़ता है फिर दूसरे दिन फिर लंबी लाइन में लग कर अपने बारी का इंतजार करना पड़ता है। मैहर जिले में मात्र दो आधार सुधार सेंटर हैं एक मैहर तहसील में और दूसरा पोस्टऑफिस मैहर में जहां मैहर जिले के पचास किमी दूर तक से लोग आधार कार्ड को अपडेट एवं सुधार के लिए सेंटर आते हैं जहां सुबह से ही लंबी लाइन लग जाती है तेज धूप और चिलचिलाती गर्मी में छोटे छोटे बच्चों को लेकर महिलाएं घंटों तक आधार सेंटर के खुलने के इंतजार में खड़ी रहती है। लोगों का कहना है कि शासकीय उचित मूल्य की दुकान के सेल्स मैन ने बताया कि आधार ई-केवाईसी नहीं होने पर राशन नहीं मिलेगा जिसके चलते जिले भर से लोग आधार ई-केवाईसी कराने सेंटर में पहुंच रहे हैं।

### मैहर के बठिया-बरहिया गांव में भारी प्रदूषण

**मैहर।** मैहर के बठिया और बरहिया गांव की हवा में जहर घुल रहा है,लेकिन प्रदूषण विभाग अब भी कागजों की स्याही में हकीकत छिपा रहा है। सूत्रों की मानें तो कई रसूखदारों की खदानें और क्रेशर बिना अनुमति वर्षों से धड़ल्ले से चल रहे हैं। बावजूद इसके प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड,क्षेत्रीय कार्यालय की नींद नहीं टूटी। अब जब हकीकत उजागर हो रही है,तो ग्रामीण जनप्रतिनिधि एनजीटी का दरवाज़ा खटखटाने को तैयार हैं।

### प्रशासनिक आश्वासन के बाद आम आदमी पार्टी का आमरण अनशन समाप्त



**मैहर।** जनता के मुद्दों को लेकर मैहर में आम आदमी पार्टी द्वारा शुरू किया गया आमरण अनशन आज 72 घंटे के बाद समाप्त कर दिया गया। यह निर्णय तब लिया गया जब प्रशासन ने सभी 21 सूत्रीय जनहित मांगों पर लिखित रूप से सकारात्मक कार्यवाही का आश्वासन दिया।

### प्रशासनिक हस्तक्षेप और त्वरित कार्रवाई

**मैहर।** कलेक्टर श्रीमती रानी बाटड के निर्देश पर मैहर के तहसीलदार अपने दल-बल के साथ अनशन स्थल पर पहुँचे। उन्होंने आंदोलनकारी प्रतिनिधियों के साथ सभी बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की और मौके पर ही लिखित आश्वासन पत्र सौंपा। इसके पश्चात तहसीलदार ने स्वास्थ्य के मद्देनज़र जूस पिलाकर अनशन समाप्त कराया।

### चोरहटा के समस्त फीडरों की सप्लाई 30 मई को प्रातः 10 बजे से सायं 5 बजे तक बंद रहेगी

**सतना।** म.प्र.पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड सतना के कार्यपालन अभियंता पंकज द्विवेदी ने बताया कि 30 मई को 132 केव्ही उपकेन्द्र अमरपाटन में 63 एमव्हीए बीबीएल एक्समर डिफरेंशियल रिले को बदले जाने हेतु मेंटीनेंस का कार्य किये जाने का प्रावधान बनाया गया है। जिसमें 33 केव्ही सतना फीडर को ऊर्जित करने वाले 33/11 केव्ही उपकेन्द्र चोरहटा से निकलने वाले समस्त 11 केव्ही फीडरों की सप्लाई प्रातः 10 बजे से सायं 5 बजे तक बंद रहेगी।

### जिला स्तरीय परामर्श दात्री समिति की बैठक 3 को मैहर और 5 जून को सतना में

**सतना।** अग्रणी बैंक जिला प्रबंधक गौतम शर्मा ने बताया कि मैहर जिले में कलेक्टर रानी बाटड की अध्यक्षता में बैंकों की जिला स्तरीय परामर्श दात्री एवं जिला स्तरीय समीक्षा समिति की त्रैमासिक बैठक 3 जून को सायं 4 बजे मैहर के कलेक्ट्रेट सभागार में और 5 जून को 4.30 बजे सतना के कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में कलेक्टर डॉ. सतीश कुमार एस की अध्यक्षता में आयोजित की गई है। जिले के सभी बैंक समन्वयक एवं संबंधित विभागों से बैठक में उपस्थित रहने को कहा गया है।

## बरगी टनल कार्य की उपेक्षा हुई तो प्रतिकार जोरदार होगा: सुरेंद्र शर्मा



**सतना।** नर्मदा जल सतना लाओ अभियान के प्रवक्ता अधिवक्ता सुरेंद्र शर्मा ने कहा कि संघर्ष समिति के सेनानियों ने पूर्व विधायक व संयोजक रामप्रताप सिंह के नेतृत्व में इस्लीमनावाद बरगी टनल से नर्मदा जल को सतना लाने का जो अभियान लम्बे समय से चलाया था उसके बाद 2020 में विशाल जन पंचायत कर जो संकल्प लिया था उसके प्रति आज भी नर्मदा सेनानी प्रतिबद्ध है जिसके लिए समय समय पर शासन प्रशासन का ध्यान काम की गति बढ़ाने,समय सीमा के अंदर नर्मदा जल को सतना,मैहर और रीवा लाने आकृष्ट कराया जा रहा है अब शेष बचे 1100 मीटर के कार्य को शीघ्र पूरा कराने प्रयासरत हैं। यदि इस कार्य के प्रति उपेक्षा बरती गई तो इसका जोरदार प्रतिकार किया जाएगा और जरूरत पडी तो पुनः उसी तर्ज पर अभियान का आगाज किया जाएगा इस बात को शासन प्रशासन को जान लेना चाहिए क्योंकि हमारा अभियान राजनीति के बजाय जनसुविधा की बहाली है जिससे सतना जिले के 99 हजार 194 हेक्टेयर कृषि भूमि सिंचित हो सके श्री शर्मा ने कहा कि नर्मदा जल का सतना आने के पहले बीच में हो रहा बटवारा निश्चित ही चिंताजनक है यदि बटवारा नहीं रूका तो सतना से चित्रकूट की मां मंदाकिनी में जल को मिलाने की योजना का क्या होगा इस पर विचार किया जाना चाहिए।

### बैठक में होगा फैसला

श्री शर्मा ने बताया कि अतिशीघ्र बरगी टनल कार्य व जिले की शाखा नहरों के प्रगति की समीक्षा बैठक नर्मदा जल सतना लाओ अभियान के सेनानियों के साथ पूर्व विधायक रामप्रताप सिंह के संयोजकत्व में होगी उसके बाद आगामी अभियान पर फैसला लिया जाएगा।

## महिला ने बैंक मैनेजर के साथ मिलकर सराफा व्यापारी को लगाया चूना





**मैहर।**

बुधवार की शाम 05 बजे सराफा व्यापारी ने मैहर एसपी कार्यालय पहुंच कर बताया कि बैंक मैनेजर और एक महिला ने मिल कर उसे 17 लाख रूपये के सोने के नकली जेवर बेचें हैं जो नकली निकला। सराफा व्यापारी संघ ने बैंक मैनेजर एवं महिला के खिलाफ पुलिस अधीक्षक से कार्यवाही की मांग की। मामला मैहर के घंटाघर के पास का है जहां 08 मई की दोपहर 4.30 बजे सराफा दुकान पर पहुंची महिला ने अपना नाम पूजा सिंह निवासी विवेकानगर मैहर एवं मध्यांचल बैंक मैनेजर जगरूप प्रसाद बताया जिसके बाद बैंक मैनेजर ने दुकान मालिक को बताया कि महिला पूजा सिंह का सोने का समान बैंक में गिरवी रखा हुआ है जिसे वह उठाने में सक्षम नहीं है तो इसको बेचकर जो पैसा होता है आप इन्हें दे दीजिए ताकि बैंक का बकाया पैसे का भुगतान किया जा सके। मैनेजर ने बैंक की गारंटी बताते हुए कहा कि सारा सामान हॉलमार्क का है और मैहर में इसकी जांच करवा कर बैंक में गिरवी रखा गया था बैंक मैनेजर की बात का भरोसा करते हुए दुकान मालिक ने सोने का वर्तमान भाव से भुक्तान कर दिया जिसके बाद जब दुकान मालिक ने उस सोने को लेकर बड़े व्यापारी के पास पहुंचा तो पता चला कि सारा सोना नकली है और उसमें लगा हॉलमार्क भी नकली निकला। जिसके बाद सराफा व्यापारी के पैरों तले जमीन खिसक गई। घटना के बाद स्वजातीय स्वर्णकार समाज विकास समिति मध्य प्रदेश छत्तीसगढ़ के प्रदेश अध्यक्ष मुरारी सोनी के नेतृत्व में सराफा व्यापारी ने मैहर पुलिस अधीक्षक सुधीर अग्रवाल को ज्ञापन के माध्यम से घटना की जानकारी देते हुए मामले की जांच की अपील की गई। इस दौरान सुनील सोनी रीवा,लक्ष्मण सोनी जबलपुर,नितिन ताम्रकार,रवि सराफ, कमलेश सोनी,आशीष सोनी,श्रेयांस सोनी,जवाहर लाल संतानी,सुरेश अग्रवाल,रामचंद्र सोनी,कार्तिक सराफ मुकेश सराफ,अनुपम सोनी,सचिन सोनी उपस्थित रहे।

## सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी चित्रकूट पहुंचे, कांच मंदिर में जगदगुरु रामभद्राचार्य से की मुलाकात





हरिभूमि न्यूज, सतना।

भारत के थल सेना अध्यक्ष जनरल उपेंद्र द्विवेदी मंगलवार को पत्नी के साथ भगवान राम की तपोस्थली चित्रकूट पहुंचे। उन्होंने यहां तुलसी पीठ स्थित कांच मंदिर में पहुंचकर पद्म विभूषण से सम्मानित जगद्गुरु रामभद्राचार्य जी महाराज से भेंट की। इस दौरान उन्होंने दिव्यांग छात्राओं से मुलाकात कर उन्हें उपहार और सामग्री भी भेंट की। सेना प्रमुख का हेलीकॉप्टर आरोग्यधाम में उतरा। उनके आगमन को देखते हुए सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए। पंचवटी घाट और आरोग्यधाम को छावनी में तब्दील कर दिया गया। चप्पे-चप्पे पर सेना के जवान तैनात किए गए। कांच मंदिर के 200 मीटर के दायरे में बेरिकेडिंग की गई। जगतगुरु रामभद्राचार्य के उत्तराधिकारी आचार्य रामचंद्र दास कांच मंदिर में थल सेना प्रमुख उपेंद्र द्विवेदी का स्वागत किया। इसी बीच जगद्गुरु रामभद्राचार्य को थल सेना प्रमुख को गदा भेंट किया। थल सेना प्रमुख ने सपत्नीक कांच मंदिर में विधिवत पूजा-अर्चना की और श्रद्धालुओं को भी संबोधित किया। उन्होंने जगद्गुरु रामभद्राचार्य को भारतीय सेना की ओर से एक स्मृति चिन्ह भेंट करते हुए सेवा कार्यों की सराहना की। आचार्य रामचंद्र दास ने सेना प्रमुख का पुष्पमालाओं के साथ भव्य स्वागत किया। मौके पर दिव्यांग विश्वविद्यालय के कुलपति सहित तुलसी पीठ ट्रस्ट के अन्य पदाधिकारी भी उपस्थित रहे। इसके पश्चात जनरल द्विवेदी सद्गुरु सेवा संघ ट्रस्ट पहुंचे,जहां उन्होंने पद्म डॉ.बी.के.जैन से मुलाकात की। उन्होंने ट्रस्ट परिसर का दौरा कर नेत्र चिकित्सालय और अन्य चिकित्सीय सुविधाओं का निरीक्षण किया। इस दौरान डॉक्टरों व कर्मचारियों से बातचीत कर उनके कार्यों की प्रशंसा की। सेना प्रमुख की यह यात्रा न केवल धार्मिक आस्था और सेवा कार्यों के प्रति उनके जुड़ाव को दर्शाती है,बल्कि चित्रकूट के सामाजिक और आध्यात्मिक संस्थानों के लिए भी यह एक प्रेरणास्पद पल बनकर सामने आई है।

## अवैध क्लिनिक में मिली गर्भपात की दवाएं और इंजेक्शन, प्रशासन ने किया सील

हरिभूमि न्यूज, सतना।



कलेक्टर डॉ.सतीश कुमार एस को जनसुनवाई में मिली शिकायत के बाद दो फर्जी क्लीनिक के खिलाफ कार्रवाई की गई। मझगवां विकासखंड के महतैन और नीबी गांव में राजस्व और स्वास्थ्य विभाग की संयुक्त टीम ने छापेमारी की। महतैन में वीरेंद्र कुमार यादव और नीबी में शिवनारायण यादव बिना किसी मेडिकल डिग्री के क्लीनिक चला रहे थे। दोनों के पास न तो क्लीनिक चलाने का पंजीयन था और न ही कोई वैध दस्तावेज मिले। मझगवां तहसीलदार सोमेश द्विवेदी के नेतृत्व में ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर डॉ.रूपेश सोनी,फार्मासिस्ट प्रमीत सिंह,बीपीएम सत्यनारायण बागरी और लैब टेक्नीशियन धनेश पाठक की टीम ने दोनों क्लीनिक में छापेमारी की।

### क्लीनिक से गर्भपात की दवाइयां भी जब्त

जांच के दौरान दोनों क्लीनिक से बड़ी मात्रा में एलोपैथिक दवाइयां और इंजेक्शन बरामद हुए। इनमें डायरिया और वायरल इंफेक्शन की दवाएं शामिल थीं। महतैन में वीरेंद्र कुमार यादव की क्लीनिक से गर्भपात की दवाइयां भी मिलीं। मेडिकल टीम ने सभी जब्त दवाइयों की सूची तैयार की है। प्रशासन ने दोनों फर्जी क्लीनिक को सील कर दिया है। बरौंधा थाने में दोनों झोलाछाप डॉक्टरों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराने की कार्रवाई की जा रही है।



## ग्रीष्मकालीन अवकाश में तैयार किए जाएंगे शासकीय प्रकरणों के जवाब



**सतना।**

सतना एवं नव गठित मैहर जिले की विभिन्न न्यायालयों में राज्य शासन के विरुद्ध बड़ी संख्या में विचाराधीन,लंबित एवं नवीन प्रस्तुत व्यवहार वादों का प्रतिउत्तर बनाने,शासन के विरुद्ध निर्णीत प्रकरणों की अपील व अपील प्रस्ताव इत्यादि तैयार करने के लिए कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी को जिले के शासकीय अभिभाषक-लोक अभियोजक रमेश मिश्रा ने पत्र जारी कर कलेक्टर-जिला दंडाधिकारी को राज्य शासन के विरूद्ध मामलों में जवाब तैयार किए जाने सभी तहसीलदारों, अनु विभागीय अधिकारियों,समस्त विभाग प्रमुखों,प्रकरण प्रभारियों को न्यायालय से प्राप्त सूचनाओं, दस्तावेजों मय सुसंगत अभिलेख लोक अभियोजक कार्यालय में संपर्क कर अपने अपने प्रकरणों में जवाब इत्यादि तैयार कराने निर्देशित किए जाने का आग्रह किया है।

उल्लेखनीय है कि वर्तमान में न्यायालयीन ग्रीष्मकालीन अवकाश आरम्भ है जो 15 जून तक रहेगा। प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी ग्रीष्मकालीन अवकाश के समय का सदुपयोग कर राज्य-शासन के मामलों को प्रभावी ढंग से प्रस्तुत करने का निर्णय आज जीपी कार्यालय में आयोजित बैठक में लिया गया है।बैठक में आपराधिक प्रकरणों की पैरवी पूरी ताकत के साथ करने तथा प्रकरणों में आरोपियों की दोषमुक्ति की दशा में सम्बंधित विवेचक और जिम्मेदार व्यक्तियों के विरुद्ध समुचित कार्यवाही किए जाने का भी निर्णय लिया गया है।इस अवसर पर एजीपी उमेश शर्मा,राघवेंद्र सिंह,रावेन्द्र सिंह,गिरजेश पाण्डे,सुनील निगम,राजेश मिश्रा,अखिलेश अवधीया,कमलेश द्विवेदी सहित सहयोगी अधिवक्ता राजीव शुक्ला,मानस मणि मिश्रा,दीपक राय,भूपेंद्र दहायत,शिशिर समदरिया,अनुराग सिंह चौहान,रितेश सिंह,मो.अख्तर शकील सहित कार्यालय सहायक शिवशंकर गर्ग उपस्थित रहे।

# 12 साल से लावारिस भितरी मुटमुरु बांध, 85 करोड़ डूबे, किसान बेहाल - क्या जवाब देगा शासन-प्रशासन?








कभी क्षेत्र की खुशहाली और हरियाली का सपना लेकर बना था भितरी मुटमुरु सिंचाई बांध, लेकिन आज यह बांध खुद एक सवाल बनकर खड़ा है दृ "आख़िर कौन जिम्मेदार है इस बर्बादी का?

हरिभूमि न्यूज, पन्ना।

साल 2013 में 85 करोड़ रुपये खर्च कर बने इस बांध को पहली ही बारिश में धराशायी होते पूरे 12 वर्ष बीत चुके हैं, लेकिन अब तक ना बांध बना, ना दोषी पकड़े गए और ना ही किसानों की पीड़ा खत्म हुई। सरकार और प्रशासन की चुप्पीरू क्या ये भ्रष्टाचार को संरक्षण है? क्या इसे महज एक तकनीकी चूक कहकर पल्ला झाड़ सकते हैं? बांध बनने से पहले ही ग्रामीणों ने अधिकारियों को तकनीकी खामियों की शिकायतें दी थीं। सवाल ये है कि जब शिकायतें पहले से थीं, तो फिर क्यों नहीं की गई जांच पहले ही चरण में? क्यों भ्रष्टाचारियों को बचाया गया? बांध के टूटने के बाद उच्चस्तरीय जांच के वादे तो खूब हुए, मगर 12 सालों में एक भी अफसर या ठेकेदार पर कोई ठोस कार्रवाई क्यों नहीं हुई? क्या यह स्पष्ट संकेत नहीं है कि भ्रष्टाचार को राजनैतिक संरक्षण मिला? किसानों की ज़मीन गई, लेकिन ना पानी मिला, ना इंसाफ बांध निर्माण के लिए किसानों से ज़मीन ली गई - वादा था सिंचाई का, मिला बदले में बर्बाद खेत।

## सवाल यह है-

क्या सरकार सिर्फ ज़मीन छीनने के लिए योजनाएं बनाती है? 11,571 हेक्टेयर की सिंचाई ठप, 25 किमी नहर अधूरी दृ विकास की कौन-सी तस्वीर है ये? बांध से प्रस्तावित थी 11,571 हेक्टेयर क्षेत्र की सिंचाई, मगर 12 साल से हर एक एकड़ प्यासी है। नहर का कार्य भी अधूरा पड़ा है - जिसका मतलब है कि 85 करोड़ सिर्फ कागजों में खर्च हुए। तो क्या अब अगली पीढ़ी देखेगी इस 'विकास' का पानी?

## जनप्रतिनिधियों की चुप्पी -

क्या चुनाव जीतना ही अब उनका कर्तव्य है? सवाल जनता के मन में गूंज रहे हैं। 12 साल में कितनी बार इस मुद्दे पर विधानसभा में सवाल उठे? क्या सांसद-विधायक सिर्फ भाषण देने तक सीमित हैं? क्या उनके क्षेत्र की पीड़ा अब वोटों के लायक भी नहीं बची? जनता पूछ रही हैरू ष्हमने वोट दिया था पानी के लिए या वादाखिलाफी के लिए? मानसून आता है, और मवेशी डूबते हैं दृ क्या जानवरों की जान भी सस्ती है? अधूरी नहरें सिर्फ बंजर खेतों की नहीं, बल्कि हर मानसून में मवेशियों की कब्रगाह बन चुकी हैं। किसानों के अनुसार कई बार बरसात में नहरों में गिरकर मवेशी मर चुके हैं। क्या प्रशासन इन मौतों का हिसाब देगा? क्या यह लापरवाही हत्या नहीं है?

## अब सवाल नहीं, जवाब चाहिए-

1. 12 वर्षों में बांध क्यों नहीं बना? 2. भ्रष्टाचारियों पर कार्रवाई क्या हुई साथ ही डेम बनवाने की कार्यवाही क्यों ठप्प हुई, जो सबसे बड़ा सवाल? 3. कब पूरी होगी अधूरी पड़ी नहर? 4. क्या 85 करोड़ पानी में बहा दिया गया? भितरी मुट्मुरु बांध एक बांध नहीं, एक प्रतीक है - शासन की नाकामी, प्रशासन की चुप्पी और जनप्रतिनिधियों की उपेक्षा का प्रतीक। आज जब देश डिजिटल और विकास की बात करता है, तब एक सिंचाई योजना का 12 वर्षों तक अधूरा रहना सिर्फ नाकामी नहीं, यह किसानों के साथ किया गया धोखा है।अब वक्त आ गया है कि सरकार जवाब दे, और जवाबदेही तय हो। नहीं तो जनता अपने तरीके से सवाल पूछेगी दृ सड़कों पर, जनसभाओं में और मतदान केंद्रों पर।

## खबर संक्षेप



### अज्ञात वाहन ने मारी टक्कर, युवक की मौके पर ही मौत

**पन्ना** जिले के अमानगंज पुलिस थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम द्वारी से लगभग 1 किलोमीटर पहले पुलिया के पास, पन्ना से अमानगंज की तरफ आ रहे बाबू लाल पिता गुमना अहिरवार उम्र 26 वर्ष निवासी ग्राम कोठा पंचायत पहाड़ी मेमारु जिला छतरपुर बाइक सवार को अज्ञात वाहन के द्वारा कैप्टन ढाबा के पास टक्कर मार दी जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। 27 मई रात 9 बजे के लगभग जोरदार टक्कर मार दी। राहगीरों ने डयाल 100 से अमानगंज थाना को सूचित किया। खबर मिलते ही अमानगंज पुलिस मौके पर पहुंची। पंचनामा कार्यवाही कर मृतक को अमानगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में रखा गया। 28 मई को पोस्ट मॉर्डम कराकर शव परिजनों को सौंपा गया।

### मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का आगमन आज



**पन्ना**। आज 29 मई 2025 को पन्ना गौरव दिवस छत्रसाल जयंती महोत्सव के पावन सुभ अवसर पर प्रदेश के यशस्वी जननायक मुख्यमंत्री डॉ0 मोहन यादव जी का पन्ना आमगमन हो रहा है। इसी तारतम्य में पन्ना को विभिन्न सौगातें मिलने वाली है जिसमें विभिन्न कार्यो के भूमि पूजन होने जा रहे है। जिसमें 10 करोड़ कही लागत से पन्ना नगर में भगवान जुगल किशोर के एतिहासिक लोक का भूमि पूजन मा. मुख्यमंत्री डॉ0 मोहन यादव तथा प्रदेशाध्यक्ष भाजपा खजुराहो सांसद विष्णु दत्त शर्मा तथा पन्ना विधायक बृजेन्द्र प्रताप सिंह व नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती मीना पाण्डेय जैसे विशिष्ट जनों की उपस्थिति में यह कार्यक्रम सम्पन्न होगा। पन्ना के विभिन्न क्षेत्रों में पन्ना गौरव दिवस महाराज छत्रसाल जयंती के उपलक्ष्य में उत्कृष्ट कार्य करने वाली प्रतिभाओं का सम्मान व रंगारंग कार्यक्रमों की प्रस्तुती सांय काल 7 बजे से छत्रसाल पार्क में होगी। डॉ0 मोहन यादव का आगमन पन्ना में 29 मई को पन्ना प्रवास पर आएंगे। इस अवसर पर महाराजा छत्रसाल जयंती, प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के हितग्राही सम्मेलन, विभिन्न विकास कार्यों के भूमिपूजन एवं लोकार्पण तथा सामूहिक विवाह कार्यक्रम में शामिल होंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव गुरूवार को दोपहर 2.20 बजे छतरपुर जिले के गौरिहार से हेलीकॉप्टर द्वारा प्रस्थान कर दोपहर 2.40 बजे पुलिस लाइन पन्ना स्थित हेलीपैड पहुंचेंगे। इसके उपरांत विभिन्न स्थानीय कार्यक्रमों में सहभागिता कर अपरान्ह 4.45 बजे हेलीकॉप्टर द्वारा छतरपुर जिले के मउसहानिया रवाना होंगे। देवेंद्रनगर की तीन पीड़ाएं - क्या मुख्यमंत्री मोहन यादव दूर करेंगे चार दशकों की यह उपेक्षा?

### सुबेदार पुष्पेन्द्र तिवारी को पूर्व मंत्री पन्ना विधायक ने दी बधाई



**पन्ना।** ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के बाद पूर्व मंत्री पन्ना विधायक बृजेंद्र प्रताप सिंह ने पन्ना जिले के दनवारा ग्राम के सूबेदार पुष्पेंद्र तिवारी को बधाई दी आप अपने क्षेत्र में अच्छा कार्य कर रहे हैं। शिक्षा के क्षेत्र में छात्र-छात्राओं को दिशा दी वहीं गांव में जन्म लेने वाली बेटी के सम्मान में स्वयं से राशि प्रदान करके बेटियों के सम्मान व शिक्षा के क्षेत्र में भी भविष्य संवारने का प्रयास सराहनीय।

# जे.के. सीमेन्ट कंपनी में युवाओं के रोजगार प्रदान करने के लिये कब होगी दिशा तय?

### पन्ना के युवाओं की शिक्षा व तकनीकी शिक्षा को ध्यान में रखकर भविष्य संवारने की हो पहल ताकि जो सपना युवाओं को दिखाया गया वह हो साकार

हरिभूमि न्यूज, पन्ना।



जिले में सीमेन्ट कंपनी के नाम पर जे.के. सीमेन्ट कंपनी उद्योग के रूप में जैसे ही स्थापित होने की खबर पन्ना में आई थी किसानों ने भले ही विरोध जताये पर युवाओं को रोजगार मिलने की उम्मीदें प्रबल थी। जो सपना था जे.के. सीमेन्ट कंपनी के आने से रोजगार के अवसर उपलब्ध होगे पन्ना के लोगों को यहां के लोगों का भविष्य संवरेगा हालात कुछ समय बाद युवाओं को भी धोखा नजर आने लगा। यह बात सामने आई कि शिक्षा व तकनीकी शिक्षा को लेकर यहां के युवाओं को उचित नहीं माना गया साथ ही जे.के. सीमेन्ट कंपनी में जो उम्मीदें पन्ना के लोगों को थी यहां के युवाओं का भविष्य निजी कंपनी में रोजगार मिलने से संवरेगा वह सपना ही रहा गया। हालात बदले निश्चिततौर पर जे.के. सीमेन्ट कंपनी का उद्योग जरूर चल पड़ा सड़क मार्ग में सतत वाहनों का इजाफा होने से दुर्घटनायें भी बढने लगी। वहीं स्थानिय लोगों में जे.के. सीमेन्ट कंपनी के खिलाफ विरोध के स्वर पनपने लगे। चूंकि रोजगार तो मिला नहीं दुर्घटनायें जरूर असमायिक घटने लगी जिससे आये दिन कंपनी के खिलाफ सड़कों में आक्रोस पनपने लगा। पर हालात पर नजर रखते हुये जहां जनप्रतिनिधियों के साथ-साथ माननीय मुख्यमंत्री डॉ0 मोहन यादव ने अभी हाल ही में सीरएसआर मद से विकास में भागीदारी निर्वाहन करने पर उत्कृष्ट पुरूस्कार से जे.के. सीमेन्ट कंपनीको नवाजा गया। क्या युवाओं के भविष्य व रोजगार के जो सपने सामने बने थे उनको साकार करने के लिये शिक्षा व तकनीकी शिक्षा के माध्यम से प्रशिक्षित कर जे.के. सीमेन्ट कंपनी में रोजगार दिलाने के लिये दिशा तय होगी। ताकि पन्ना के युवाओं का भविष्य रोजगार मिलने से संवर सके तथा कंपनी के खिलाफ जो विद्रोह के हालात पनपते रहते है उन पर विराम लगे। निश्चिततौर पर उद्योगों को इसी लिये स्थापित किया जाता है ताकि स्थानीय लोगों को रोजगार मिल सके वहीं विकास की दिशा तीव्र गति से आगे बढे। यहां जे.के. सीमेन्ट कंपनी निश्चिततौर पर विकास में तो भागीदारी करती है पर युवाओं की रोजगार को ध्यान में रखकर प्रदान करने के लिये दिशा तय ही जाये ताकि युवाओं का भविष्य सुरक्षित हो सके। जिसमें जनप्रतिनिधियों की भूमिका महत्वपूर्ण मानी जा रही है जो युवाओं के लिये कंपनी के साथ समन्वय करते हुये रोजगार प्रदान करने के लिये भविष्य संवारने की दिशा तय करें ताकि पन्ना के विकास में युवाओं का भविष्य भी सुरक्षित हो।

### पन्ना पुलिस ने स्थाई वारण्टी को गिफ्तार कर भेजा जेल

**पन्ना।** पुलिस अधीक्षक पन्ना साई कृष्णा एस. थोटा द्वारा स्थायी वारण्टों की अधिक से अधिक तामीली हेतु पन्ना जिले में विशेष अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत पुलिस अधीक्षक पन्ना के निर्देशानुसार, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पन्ना सुश्री वंदना चौहान व जिले के समस्त अनुविभागीय अधिकारियों के मार्गदर्शन में थाना स्तर पर थाना प्रभारियों के नेतृत्व में पुलिस टीमों का गठन किया गया है। इसी तारतम्य में थाना सुनवानी के प्रकरण क्रमांक 546/23 में माननीय न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी पन्ना के द्वारा आरोपी इन्द्रजीत बड़ई पिता रामनरेश बड़ई उम्र 25 वर्ष निवासी इटवां मडैय्यन थाना कोतवाली पन्ना के विरूद्ध दिनांक 06/08/24 को स्थाई वारण्ट जारी किया गया था। मामले में प्रभारी सायबर सेल टीम द्वारा स्थाई वारण्टी के संबंध में जानकारी एकत्रित करके मुखबिर सूचना के आधार पर अमानगंज पुलिस टीम के सहयोग से मामले के स्थाई वारण्टी को दिनांक 26/05/25 को कस्बा अमानगंज से पुलिस अभिरक्षा में लिया जाकर माननीय न्यायालय में पेश किया गया।

# लंबे समय से लंबित अमानगंज का सिविल अस्पताल, प्रदेश सरकार के मुखिया आज पन्ना में

### पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह का वरदान आज भी अधूरा

**अमानगंज**- निप्र- मध्य प्रदेश राज्य शासन के मुखिया डॉ मोहन यादव आज लंबे समय बाद आज जिला मुख्यालय पन्ना आ रहे हैं, वह करोड़ों रूपयों की सौगात निर्माण एवं विकास कार्य के रूप में आम जनता को देने वाले हैं। जहां वह कई निर्माण कार्यों का भूमि पूजन और उद्घाटन इस मौके पर करेंगे। वहीं पन्ना जिले का केंद्र बिंदु अमानगंज आज भी अपनी प्रमुख मांग सिविल अस्पताल को लेकर हाथ खड़ा किये अपनी फरियाद करता दिखाई दे रहा है, परंतु सिविल अस्पताल का दर्जा अब तक नहीं पा पाया। जबकि इस विधानसभा का सक्रिय एवं लोकप्रिय विधायक इस बात को विधानसभा के पटल तक रख चुका है, परंतु विकास की यह सौगात अमानगंज अब तक नहीं पा पाया। वहीं अमानगंज नगर की स्थानीय एवं क्षेत्रीय जनता ने आज फिर स्थानीय मीडिया की ओर से अपनी मांग प्रदेश के मुखिया डॉक्टर मोहन यादव के सामने रखी है। अमानगंज नगर से तकरीबन 180 गांव की जनता स्वास्थ्य सेवाओं का सीधा लाभ लेने अमानगंज अस्पताल आया करती है जहां मात्र दो चिकित्सक यहां उपस्थित बताये जा रहे हैं जिनमें से एक शासन प्रशासन की सेवा में खंड चिकित्सा अधिकारी के रूप में होते हैं जबकि दूसरे अटैचमेंट के कार्यों को लेकर अपनी संपूर्ण सेवाओं का स्वास्थ्य लाभ नहीं दे पा रहे हैं और जनता लगातार हैरान और परेशान देखी जा रही है।

# शिक्षा एवं स्वास्थ्य सुविधाओं से वंचित सलेहा क्षेत्र वासी पूर्व मुख्यमंत्री की घोषणाओं के बाद भी नहीं बना महाविद्यालय




**देवेन्द्रनगर।** गुनौर विधानसभा अंतर्गत सलेहा क्षेत्र बहुसंख्यक आबादी वाला क्षेत्र माना जाता है, सलेहा क्षेत्र से सैकड़ों गांव के लगभग 35 से 40 हजार व्यक्तियों की प्राथमिक आवश्यकताओं की पूर्ति का केंद्र है। सलेहा नगर से ग्रामीणों की आवश्यकताओं की पूर्ति होती है। साथ ही सलेहा में 4 निजी हायर सेकेण्डरी विधालय,1 शासकीय हायर सेकेण्डरी विधालय,3 निजी हाई स्कूल, सहित कक्षा 1 से 8 तक के और भी विधालय संचालित है, सलेहा समीपस्थ ग्राम पटना तमोली में 1 शासकीय हायर सेकंडरी विधालय,2 निजी हाई स्कूल संचालित है ,इस तरह सलेहा एवं पटना तमोली सहित करीब 7 से 8 हजार छात्र शिक्षण कार्य करते हैं।इस क्षेत्र से प्रति वर्ष 500 से भी अधिक छात्र कक्षा 12 उत्तीर्ण करने के बाद सम्पन्न छात्र महा नगरों में स्थित कालेजों में शिक्षण कार्य करने चले जाते हैं,मध्यम वर्गीय छात्र स्वाध्याई केन्द्रों पर शिक्षण कार्य करने लगते हैं,शेष छात्र -छात्राए शिक्षण कार्य बन्द कर देते है।यह समस्या गरीब छात्रों में देखने मिलती है,छात्र पढ़ना चाहते हैं ,पर महाविद्यालय सलेहा क्षेत्र में न होने से छात्र पढ़ाई नहीं कर पाते।जिसको लेकर सलेहा क्षेत्र वासी हमेशा से मांग कर रहे हैं।जिस पर संवेदनशील तत्कालीन मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा गुनौर प्रवास के दौरान सलेहा को महाविद्यालय के साथ सलेहा क्षेत्र के समुचित विकास की घोषणा कर सलेहा को एक बड़ी सौगात दी थी, जिस कारण सलेहा वासियों में काफी उत्साह था, किंतु न आज तक महाविद्यालय का भूमि पूजन हुआ , न ही समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बना, तत्कालीन मुख्यमंत्री की घोषणा शोपीस बनकर रह गई हैं। सलेहा वासी बस सरकार से उम्मीद लगाए हैं।

### स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार सहित चिकित्सको की जरूरत

सलेहा क्षेत्र काफी विस्तृत है यहां पर एक प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र है , पर आवश्यक जांच सुविधाओं की कमी तो है साथ ही यहां पर लगभग सौ गांवों के निवासी आश्रित है यहां का स्वास्थ्य केंद्र चिकित्सक विहीन है, कर्मचारियों की कमी होने के कारण क्षेत्रवासियों को इलाज के लिए झोलाछाप डॉक्टरों की शरण में जाना पड़ता है । सलेहा क्षेत्र में लगभग सौ गांव प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सलेहा से आश्रित हैं लेकिन आज तक जिला प्रशासन द्वारा इस ओर ध्यान आकर्षित नहीं किया न ही महिला चिकित्सक की नियुक्ति की गई जिससे ग्रामीणों को शहरों में स्वास्थ्य सुविधा हेतु निजी अस्पतालों की शरण में जाना पड़ता हैं। इस तरह तमाम विसंगतियों को लेकर सलेहा क्षेत्र हमेशा से बुनियादी सुविधाओं की समस्याओं से जूझ रहा है और जनप्रतिनिधियों से लेकर प्रशासनिक अमले को सलेहा क्षेत्र की समस्याओं से अवगत कराया गया है लेकिन आज तक किसी भी जनप्रतिनिधि द्वारा सलेहा क्षेत्र के समुचित विकास की कल्पना नहीं की है।

### इनका कहना है।

सलेहा क्षेत्र में स्वास्थ्य सुविधाओं की दृष्टि से चिकित्सक विहीन होने के कारण मरीजों तथा गर्भवती महिलाओं को भारी समस्या का सामना करना पड़ता है।

**धीरेन्द्र मिश्रा कृषक।**

सलेहा क्षेत्र में भारी तादात में छात्र एवं छात्र अध्ययन करने आते हैं, महाविद्यालय न होने की वजह से बहुत से छात्र अपनी पढ़ाई बंद कर देते है।

**राजकिशोर खरे, व्यापारी**

सलेहा में महाविद्यालय न होने से छात्राओं को शहरों में रह कर पढ़ाई करना काफी कठिन होता है,जिस बजह से वह आगे की पढ़ाई नहीं कर पाती।

**चन्द्र भान सिगरौल समाजसेवी सलेहा**

# पन्ना में शराबबंदी का ढोंग, उपनिरीक्षक की मेहरबानी से फल-फूल रहा अवैध शराब का कारोबार, सीएम के दौरे से पहले सनसनी

हरिभूमि न्यूज, पन्ना।

मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव 29 मई 2025 को पन्ना पहुंचने वाले हैं, लेकिन उससे पहले जिले में अवैध शराब की बिक्री का मुद्दा तूल पकड़ रहा है। सरकार ने पन्ना सहित 19 पवित्र नगरों में शराब की दुकानें बंद करने का ऐलान किया है, मगर आबकारी विभाग के उपनिरीक्षक के क्षेत्र में शहर से लेकर गांवों तक अवैध शराब का कारोबार खुलेआम चल रहा है। स्थानीय लोग आरोप लगा रहे हैं कि एक उपनिरीक्षक की लंबे समय से एक ही जगह तैनाती और शराब माफियाओं से कथित सांठगांठ के चलते कार्रवाई सिर्फ खानापूरी तक सीमित है।

### शराबबंदी का ऐलान, जमीनी हकीकत कोसों दूर

मध्य प्रदेश सरकार की नई आबकारी नीति 2025-26 के तहत 1 अप्रैल 2025 से पन्ना, उज्जैन जैसे 19 धार्मिक शहरों में शराब की दुकानें और बार पूरी तरह बंद होंगे। इस नीति को मुख्यमंत्री ने धार्मिक स्थलों की पवित्रता को बनाए रखने का मास्टरस्ट्रोक बताया था। लेकिन पन्ना में अवैध शराब की बिक्री ने इस नीति की पोल खोल दी है। स्थानीय निवासियों का कहना है कि आबकारी विभाग की नाक के नीचे शराब माफिया बेखौफ होकर कच्ची और देसी शराब की सप्लाई कर रहे हैं।

### उपनिरीक्षक पर गंभीर सवाल

आबकारी उपनिरीक्षक कई वर्षों से



पन्ना में जमे हुए हैं। सूत्रों का दावा है कि उनकी शराब कारोबारियों से नजदीकियां इस गोरखधंधे को बढ़ावा दे रही हैं।

### सीएम के दौरे से पहले हड़कंप-

मुख्यमंत्री के 29 मई को प्रस्तावित पन्ना दौरे से पहले अवैध शराब का मुद्दा चर्चा का केंद्र बन गया है। स्थानीय सामाजिक संगठनों और नागरिकों ने इस मामले को जनसुनवाई में उठाने की तैयारी शुरू कर दी है। पन्ना के एक सामाजिक कार्यकर्ता रेहान मोहम्मद ने कहा, ष्मुख्यमंत्री शराबबंदी की बात करते हैं, लेकिन उनके अपने अधिकारी इस नीति को पलीता लगा रहे हैं। उपनिरीक्षक का तबादला और सख्त कार्रवाई जरूरी है।

### विपक्ष का तंज, शराबबंदी सिर्फ जुमलाश

कांग्रेस ने भी इस मुद्दे को लपक लिया है। युवक कांग्रेस जिलाध्यक्ष स्वतंत्र प्रभाकर अवस्थी ने तंज कसते हुए कहा, ष्पन्न मे शराबबंदी का दावा किया गया था, लेकिन पन्ना में तो हालात बद से बदतर हैं। सरकार बताए कि शराब माफियाओं पर नकेल कसने के लिए क्या कदम उठाए जा रहे हैं?

### आबकारी विभाग की लचर व्यवस्था-

पन्ना में अवैध शराब का कारोबार कोई नई बात नहीं है। ग्रामीण इलाकों में कच्ची शराब की भट्टियां धड़ल्ले से चल रही हैं। आबकारी विभाग के पास कर्मचारियों और संसाधनों की कमी के साथ-साथ माफियाओं से कथित गठजोड़ इस समस्या को और जटिल बना रहा है।

### लोगों की मांगरू सख्ती और जवाबदेही-

पन्ना के लोग चाहते हैं कि मुख्यमंत्री के दौरे के दौरान इस मुद्दे पर ठोस कार्रवाई हो। कुछ सुझाव जो सामने आ रहे हैं ,तबादला नीति लागू करें, लंबे समय से एक ही जगह जमे अधिकारियों का तबादला हो ताकि माफियाओं से सांठगांठ की संभावना कम हो। निगरानी बढ़ाएं,ग्रामीण क्षेत्रों में आबकारी विभाग की गश्त और मुखबिरों का नेटवर्क मजबूत किया जाए। सार्वजनिक शिकायत पेटी,मुख्यमंत्री दौरे के दौरान शिकायत पेटी रखी जाए, ताकि लोग बिना डर के अपनी बात रख सकें।

### क्या होगा पन्ना में?

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का पन्ना दौरा अब केवल एक औपचारिक यात्रा नहीं, बल्कि उनकी शराबबंदी नीति की अग्निपरीक्षा बन गया है। क्या अवैध शराब के इस जाल को तोड़ा जा सकेगा? क्या उपनिरीक्षक जैसे अधिकारियों की जवाबदेही तय होगी? ये सवाल पन्ना की जनता के मन में कौंध रहे हैं।

## खबर संक्षेप

### सिलेंडर में आग लगने से चार लोग झुलसे



**छतरपुर।** सिविल लाइन थाना क्षेत्र के ग्राम देरी रोड पर बीती शाम एक छोटे घरेलू सिलेंडर में आग लगने से चार लोग गंभीर रूप से झुलस गए। घायलों को जिला अस्पताल के बर्न वार्ड में भर्ती कराया गया है, जहाँ उनका इलाज चल रहा है। जानकारी के अनुसार, विमलेश कोरी ने खाना बनाने के लिए छोटे सिलेंडर को लाइटर से जलाने का प्रयास किया, लेकिन जब सिलेंडर नहीं जला तो उन्होंने माचिस की तीली से गैस चूल्हा जलाने की कोशिश की। इस दौरान सिलेंडर में अचानक आग भड़क गई। हादसे में विमलेश कोरी, उनके पति रवि कुमार कोरी, बेटे गौरव और पड़ोसी शंकर विश्वकर्मा गंभीर रूप से झुलस गए। स्थानीय लोगों की मदद से सभी को तुरंत जिला अस्पताल पहुँचाया गया। सिविल लाइन थाना पुलिस ने मौके पर पहुँचकर घटना की जाँच शुरू कर दी है।

### छत्रसाल जयंती आज, प्रातः 7 बजे होगा प्रतिमा पूजन

**छतरपुर।** बुन्देलखण्ड केसरी छत्रसाल स्मारक पब्लिक ट्रस्ट, छतरपुर के तत्वावधान में आज राष्ट्रगौरव, छतरपुर नगर के संस्थापक महाराजा छत्रसाल जयंती का आयोजन किया गया है, जिसमें प्रातः 7 बजे छत्रसाल चौराहे पर प्रतिमा पूजन व ध्वजारोहण विधायक श्रीमती ललिता यादव के मुख्य आतिथ्य व श्रीमती ज्योति चौरसिया, अध्यक्ष, नगर पालिका परिषद, छतरपुर की अध्यक्षता में किया जायेगा। तदुपरांत चौक बाजार स्थित छत्रसाल स्मारक ट्रस्ट भवन में गद्दी पूजन व ध्वजारोहण किया जायेगा। ट्रस्ट के अध्यक्ष हरिप्रकाश खरे दद्दे, सचिव एड. राकेश शुक्ला तथा समस्त ट्रस्टीजनों ने सभी से कार्यक्रम में पधारकर महाराजा छत्रसाल को नमन करने का आग्रह किया है।

### जागरूकता के साथ स्वच्छता पर जोर, महिलाओं ने लिया उत्साहपूर्ण भाग



**छतरपुर।** वर्ल्ड मेंस्ट्रुअल हाइजीन डे के अवसर पर संगम सेवालय ने ग्राम नटपुरवा में माहवारी स्वच्छता को लेकर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। इस दौरान यूनीचार्म कंपनी के सहयोग से सैकड़ों महिलाओं और किशोरियों को निशुल्क सैनिटरी पैड वितरित किए गए। संगम सेवालय की संचालिका श्रीमती अंजू अवस्थी ने कहा कि माहवारी के दौरान स्वच्छता महिलाओं के स्वास्थ्य के लिए जरूरी है, लेकिन ग्रामीण क्षेत्रों में जानकारी और संसाधनों की कमी के कारण इस पर खुलकर बात नहीं हो पाती। संगम सेवालय इस चुप्पी को तोड़ने और हर महिला को स्वस्थ जीवन देने के लिए प्रयासरत है। उन्होंने यूनीचार्म कंपनी का सहयोग के लिए आभार जताया। संगम सेवालय की सदस्य सुनीता पथोरिया ने माहवारी से जुड़ी भ्रांतियों को तोड़ने, स्वच्छता के उपायों और सैनिटरी पैड के नियमित उपयोग पर जोर दिया। नीतू सिंह ने बताया कि वर्ल्ड मेंस्ट्रुअल हाइजीन डे का उद्देश्य माहवारी से जुड़ी भ्रांतियों को खत्म करना और स्वच्छता व गरिमा को बढ़ावा देना है। कार्यक्रम में अंजू अवस्थी, सुनीता पथोरिया, नीतू सिंह, नम्रता सिंह, सितारा, रेशमा और रेखा उपस्थित रहीं। सैकड़ों महिलाओं और किशोरियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और निशुल्क सैनिटरी पैड प्राप्त कर स्वच्छता की दिशा में कदम बढ़ाया।

---

कैथोहा सोसायटी के सैल्समेन शिवदत्त सेन की जांच कर 15 दिवस में कार्यवाही के कमिश्नर ने उपायुक्त सहकारिता को दिए निर्देश

# महयावा पंचायत में बिना काम के राशि आहरण करने के मामले में कमिश्नर ने कलेक्टर को जांच के लिए लिखा पत्र

**छतरपुर।** जिले की जनपद पंचायत गौरिहार के अंतर्गत ग्राम पंचायत महयावा भ्रष्टाचार के लिए चर्चाओं में रही है। रोजगार गांरटी योजना अंतर्गत बिना कार्य के लगभग 60 लाख रूपए का भुगतान प्राप्त करने के मामले में ग्रामीणों द्वारा कमिश्नर से शिकायत की गई थी। जिस पर कमिश्नर डॉ. बीरेन्द्र सिंह रावत ने कलेक्टर छतरपुर को एक पत्र लिखकर महयावा पंचायत द्वारा रोजगार गांरटी योजना अंतर्गत कराए गए कार्र्यो की जांच के निर्देश दिए है। रोजगार गांरटी योजना अंतर्गत जिन कार्या के नाम पर सरंपच, सचिव द्वारा भुगतान निकाला गया है, और कार्य धरातल में हुए नहीं है। ऐसे कार्या में गौशाला निर्माण, खेत तालाब निर्माण, चारागाह निर्माण, नाली निर्माण इत्यादि शामिल है। यह कार्य कागजों में कराए जाना दर्शाकर सरपंच, सचिव ने राशि निकाल ली थी कमिश्नर ने यह भी निर्देश दिए है कि ग्राम पंचायत महयावा में बर्ष 2021 से आज दिनांक तक कराए गए कार्या की




जांच कराई जाए। साथ ही जांच उपरांत प्रतिबेदन भी कमिश्नर द्वारा कलेक्टर से मांगा गय है। अब देखना यह कि कमिश्नर के आदेश पर महयावा पंचायत के इन फर्जी कार्या की जांच कर रिपोर्ट कितनी जल्दी कमिश्नर के पास भेजी जाती है। जबकि इस मामले में शिकायत मिलने पर जिला पंचायत सीईओ ने सचिव ग्राम पंचायत महयावा को पूर्व में निलबिंत किया जा चुका है, लेकिन अभी तक इतना बड़ा भ्रष्टाचार करने और शासकीय राशि का गबन करने के मामले में दोषियों पर एफआईआर नहीं हुई है।

### किन किन कार्या के नाम पर निकाली राशि -

रोजगार गांरटी योजना अंतर्गत बर्ष 2023-24 में फर्जी मस्टर दर्शाकर जिन जिन कार्यों के नाम पर राशि निकाली गई। उनमें बाउण्डी बाल निर्माण कार्य, शासकीय माध्यमिक शाला रामपुर घोषी, आंगनबाडी भवन निर्माण, कार्य केन्द्र क्रमांक 02, खेत तालाब निर्माण कार्य राजकुमार आरख महयावा, खेत तालाब निर्माण कार्य शिवमोहन सेन खेत तालाब निर्माण कार्य रैना सेन खेत तालाब निर्माण कार्य विद्या आरख, प्रधानमंत्री आवास योजना विद्या आरख, खेत तालाब निर्माण कार्य छोटेलाल पाल, खेत तालाब निर्माण कार्य मोहन यादव,खेत तालाब निर्माण कार्य रामजी पचौरी, खेत तालाब निर्माण कार्य राजु पंचौरी,खेत तालाब निर्माण कार्य परशुराम पचौरी,सीसी रोड सहनाली निर्माण कार्य राममिलन पाल के मकान से सजीवन पाल के मकान तक सीसी रोड एवं नाली निर्माण जयराम पाल के घर से भोलाप्रजापति के घर तक, और चेकडेम निर्माण कार्य रामपुर घोषी सतैला नाला शामिल है।

### सैल्समेन शिवदत्त की भी होगी जांच



कमिश्नर सागर ने उपायुक्त सहकारिता छतरपुर को भी पत्र लिखकर निर्देश दिए है कि शिवदत्त सेन सैल्समेन निबीखेड़ा सोसायटी कोथेहा की जांच कर कार्यवाही की जाए। शिवदत्त सेन के विरूद्व अभिषेक बुंदेला के द्वारा शिकायत की गई थी कि ग्राम पंचायत महयावा के विकास कार्यो की राशि लगभग 40 लाख रूपए सैल्समेन निबीखेड़ा सोसायटी के द्वारा सचिव के साथ मिलकर अपने खांते में नियमविरूद्व प्राप्त की गई थी। शिकायतकर्ता द्वारा उक्त आशय के संबंध में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत छतरपुर के आदेश क्रमांक/1803 दिनांक 05,05,2025 एंव सरपंच ग्राम पंचायत महयावा को जारी कारण बताओं सूचना पत्र भी सलग्र किया गया। जिसमें शिवदत्त सेन के खातें में नियमविरूद्व राशि प्राप्त किया जाना प्रमाणि पाय जाने पर कार्यवाही मांग की गई है। इसलिए शिकायत में उल्लेखित सभी बिन्दुओं की जांच कर नियमनुसार कार्यवाही कर 15 दिवस में की गई कार्यवाही से अवगत कराए।

---

# आयुष विभाग में हो रही योग प्रशिक्षक और सहायक की भर्ती

**ऑनलाइन और ऑफलाइन आवेदन के फरे में भ्रमित हुए आवेदक**

**छतरपुर।** आयुष विभाग में सेडमैप संस्था के माध्यम सेछतरपुर जिले के गढ़ा, बछौन और रगौली केंद्रों के लिए 3 योग प्रशिक्षक और 5 योग सहायक की भर्ती की जा रही। ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों माध्यमों से आवेदन प्राप्त हुए, लेकिन अभी सिर्फ ऑनलाइन आवेदनों को मान्य किया गया है, जिनके बुधवार को साक्षात्कार हुए।

जिला आयुष अधिकारी डॉ. निर्मला कुशवाहा ने बताया कि जिले में 3 योग प्रशिक्षक और 5 योग सहायक के पद रिक्त हैं, जिनकी पूर्ति संचालनालय के आदेशानुसार आउटसोर्स प्रक्रिया के तहत की जा रही है। यह भर्ती गढ़ा, बछौन और रगौली केंद्रों के लिए हो रही है। सेडमैप संस्था के जिला समन्वयक एमके श्रीवास ने बताया कि 2 माह पहले भर्ती के लिए विज्ञप्ति जारी की गई थी। ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों माध्यमों से आवेदन प्राप्त हुए, लेकिन वर्तमान में सिर्फ ऑनलाइन आवेदन करने वालों को साक्षात्कार के लिए बुलाया गया है। योग्यता के आधार पर चयन किया जाएगा। ऑफलाइन आवेदन करने वाले इस साक्षात्कार में शामिल नहीं होंगे, उनके आवेदनों को भोपाल भेजा जाएगा और भविष्य में जरूरत पड़ने पर उन पर विचार किया जाएगा। डॉ. कुशवाहा ने कहा कि भर्ती प्रक्रिया में पारदर्शिता बरती जा रही है और जल्द ही चयनित उम्मीदवारों की सूची जारी कर दी जाएगी।

### स्वास्थ्य विभाग में रद्द भर्तियों के लिए पुनः भर्ती प्रक्रिया शुरू -

पूर्व में रद्द की गई स्वास्थ्य विभाग की भर्तियों के लिए सेडमैप संस्था के माध्यम से दोबारा भर्ती प्रक्रिया शुरू हो गई है। 140 मल्टी टास्क, 14 कंप्यूटर ऑपरेटर और 14 ड्राइवर पदों के लिए 27 मई तक आवेदन लिए गए। हालांकि, आरोप है कि जिन लोगों की भर्ती रद्द की गई थी, उन्हीं को फिर से लिया जा रहा है, लेकिन विभाग ने इन आरोपों को खारिज कर दिया है। सेडमैप संस्था के जिला समन्वयक एमके श्रीवास ने बताया कि किन्हीं कारणों से स्वास्थ्य विभाग की पिछली भर्तियाँ रद्द कर दी गई थीं। जिला प्रशासन के आदेश पर पुनः भर्ती प्रक्रिया शुरू की गई है। इसके तहत 140 मल्टी टास्क, 14 कंप्यूटर ऑपरेटर और 14 ड्राइवर पदों के लिए 27 मई तक आवेदन स्वीकार किए गए। अब आवेदनों की स्क्रूटनी होगी, जिसके बाद विभागीय अधिकारी साक्षात्कार लेंगे। जिला समन्वयक ने कहा कि पूरी प्रक्रिया पारदर्शिता के साथ चल रही है और जिला प्रशासन के निर्देशों का पालन किया जा रहा है। पुराने चयनितों को दोबारा भर्ती करने के आरोपों को खारिज करते हुए उन्होंने कहा कि अभी तक ऐसी कोई शिकायत नहीं मिली है। यदि कोई शिकायत आती है, तो उसकी जाँच की जाएगी।

---



# मांझी समाज ने उठाई संदिग्ध मौत की जाँच की माँग

**छतरपुर।** मध्य प्रदेश मांझी जनजाति संयुक्त संघर्ष समिति के बैनर तले बुधवार को मांझी समाज ने राजनगर थाना क्षेत्र में 22 मई को हुई राकेश रैकवार की संदिग्ध मौत की जाँच की माँग को लेकर एसपी ऑफिस में ज्ञापन सौंपा।

समाज ने इसे हत्या का मामला बताते हुए दोषियों पर कार्रवाई, परिजनों को सुरक्षा और मुआवजे की माँग की है। समाज के सुंदर रैकवार ने बताया कि राजनगर थाना क्षेत्र में जनपद कार्यालय के पीछे एक ढाबे पर 22 मई को राकेश रैकवार के साथ मारपीट की गई, जिसके बाद उनकी मौत हो गई। राकेश अपने परिवार का एकमात्र कमाने वाला था। घटना के दिन मृतक के पुत्र और परिजनों ने राजनगर थाने में मारपीट करने वाले शराब कंपनी के व्यक्तियों के नामों के साथ लिखित शिकायत दी थी। उस समय डायल 100 वाहन चालक पुलिस भी मौके पर मौजूद थी, लेकिन पुलिस ने नामजद आरोपियों के बजाय अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की। मांझी समाज ने माँग की है कि मृतक के परिजनों को सुरक्षा दी जाए, क्योंकि उन्हें आरोपियों से धमकियाँ मिल रही हैं, जिससे वे आवाज उठाने से डर रहे हैं। साथ ही, परिजनों को भरण-पोषण के लिए 10 लाख रुपये का मुआवजा और हत्या में शामिल आरोपियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की माँग की गई है।

---

**एक महीने से न्याय के लिए भटक रही महिला, एसपी से की शिकायत**

# बस की लगेज में रखे बैग से चोरी हुए लाखों के आभूषण

**छतरपुर।** छतरपुर जिले में रहने वाले अपने रिश्तेदारी के यहां जा रही उत्तरप्रदेश की एक महिला के बैग में रखे लाखों रुपए के आभूषण उस वक्त चोरी हो गए जब नंदा कंपनी की बस के स्टाफ ने जबरन उसका बैग बस की लगेज में रखवा दिया। घटना 27 अप्रैल की है, और एक माह बाद भी स्थानीय थाने में शिकायत के बावजूद कोई कार्रवाई नहीं हुई। अब पीड़िता ने एसपी ऑफिस में आवेदन देकर न्याय की माँग की है। उत्तरप्रदेश के बांदा शहर की निवासी कल्पना पांडे ने बताया कि वह 27 अप्रैल को छतरपुर जिले के बमनौरा में रहने वाले अपने रिश्तेदार के यहां जा रही थी। रोडवेज बस से छतरपुर पहुँचने



के बाद वह नंदा कंपनी की बस क्रमांक एमपी 16 पी 1242 से बमनौरा के लिए रवाना हुईं। कल्पना के मुताबिक बस स्टाफ ने उसके बैग को पीछे लगेज में रखने के लिए दबाव डाला और सुरक्षित रहने का भरोसा दिया। कल्पना ने मना किया, लेकिन स्टाफ ने दिक्कत का हवाला देकर जबरन बैग पीछे रखवा दिया। बमनौरा पहुँचने पर जब उसने बैग उठाया तो उसे संदेह हुआ। जांच करने पर बैग में रखे 12 से 15 लाख रुपये के आभूषण गायब मिले। कल्पना को बस स्टाफ द्वारा आभूषण चोरी किए जाने का संदेह है। कल्पना ने बताया कि उसने घटना दिनांक को ही बमनौरा थाने में शिकायत की थी, लेकिन एक माह बीतने के बाद भी कोई कार्रवाई नहीं हुई। अब उन्होंने एसपी ऑफिस में आवेदन देकर जाँच और कार्रवाई की माँग की है।

---

# किसानों का आरोप- जमीनों के बदले नहीं मिला उचित मुआवजा

**कलेक्टर के पास न्याय की गुहार लगाने पहुंचे खौंप गाँव के किसान**



**छतरपुर।** छतरपुर तहसील क्षेत्र के खौंप गाँव में फोरलेन निर्माण के लिए ग्रामीणों की जमीन अधिग्रहित की गई है, लेकिन उचित मुआवजा न मिलने से किसान आक्रोशित हैं। उन्होंने कलेक्टर को आवेदन देकर मुआवजा दिलाने की माँग की है और आरोप लगाया है कि उनकी जमीनों पर जबरन मशीनें चलाई जा रही हैं, जिससे हरे-भरे वृक्ष और फसलें नष्ट हो रही हैं। खौंप गाँव के किसानों ने बताया कि उनकी जमीनों का अधिग्रहण फोरलेन सड़क निर्माण के लिए किया गया है, लेकिन उन्हें अभी तक उचित मुआवजा नहीं दिया गया। किसानों का कहना है कि मुआवजे की राशि उनकी अपेक्षा से बहुत कम है। उन्होंने कलेक्टर को आवेदन सौंपकर माँग की है कि पहले उचित मुआवजा दिया जाए, उसके बाद ही जमीन ली जाए। किसानों ने यह भी आरोप लगाया है कि प्रशासन उनकी सहमति के बिना जमीनों पर मशीनें चला रहा है, जिससे उनके हरे-भरे वृक्ष और फसलें नष्ट हो रही हैं।

---

# आज होगा विरासत महोत्सव का आगाज



### मुख्यमंत्री करेंगे दो दिवसीय महोत्सव का शुभारंभ

**छतरपुर।** बुंदेलखंड की ऐतिहासिक धरती मऊसहानियाँ, जहां कभी महाराजा छत्रसाल का शौर्य गूंजता था, एक बार फिर सांस्कृतिक वैभव की साक्षी बनने को तैयार है। संस्कृति संचालनालय, मध्य प्रदेश और जिला प्रशासन के संयुक्त तत्वावधान में 29 व 30 मई को महाराजा छत्रसाल स्मृति शोध संस्थान के सहयोग से शौर्यपीठ, मऊसहानियाँ में दो दिवसीय विरासत महोत्सव का भव्य आयोजन होने जा रहा है, जिसका आज मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की उपस्थिति में आगाज होगा। पिछले वर्षों की तरह इस बार भी महोत्सव में देश के ख्यातिप्राप्त कलाकार अपनी कला से दर्शकों को मंत्रमुग्ध करेंगे। पहले दिन, 29 मई को, राजस्थान की मांगणियार गायन और कालबेलिया नृत्य शैली में अप्पानाथ कालबेलिया, दतिया के राजेश लिटोरिया द्वारा सुन्दरिया नाटक और जबलपुर की संजो बघेल का भक्ति गायन दर्शकों को भाव-विभोर करेगा। दूसरे दिन, 30 मई को, भोपाल की उमा सक्सेना बुंदेली लोकगायन से स्थानीय संस्कृति को जीवंत करेंगी, सागर के यश गोपाल श्रीवास्तव का विभोर फ्यूजन बैंड आधुनिकता और परंपरा का संगम प्रस्तुत करेगा, वहीं मुंबई के नचिकेत लेले सुगम संगीत से समां बांधेंगे। आयोजन समिति के मुताबिक यह आयोजन लोक संस्कृति, मान्यताओं और धरोहरों को संजोने का एक प्रयास है, जो स्थानीय जनमानस और प्रशासन की सक्रिय भागीदारी से सार्थक होगा। महाराजा छत्रसाल स्मृति शोध संस्थान के पदाधिकारियों ने समस्त बुंदेलखंडवासियों से आयोजन में शामिल होने का आग्रह किया है।

---

# आज छतरपुर दौरे पर रहेंगे मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव

**छतरपुर।** मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज 29 मई को छतरपुर जिले के गौरिहार और मऊसहनियां में आयोजित कार्यक्रमों में भाग लेंगे। मुख्यमंत्री सुबह भोपाल से हवाई जहाज से खजुराहो के लिए रवाना होंगे और दोपहर में हेलीकॉप्टर से गौरिहार पहुँचेंगे। इसके बाद शाम को मऊसहनियां में आयोजित दो दिवसीय विरासत महोत्सव का शुभारंभ करेंगे। इस दौरान जल संवर्धन और विकास कार्यों की रूपरेखा भी प्रस्तुत की जाएगी। उनके साथ भारतीय जनता पार्टी के सांसद विष्णु दत्त शर्मा सहित जिले के जनप्रतिनिधि भी मौजूद रहेंगे।



जिला प्रशासन ने मुख्यमंत्री के दौरे को देखते हुए यातायात को सुचारु रखने के लिए विशेष इंतजाम किए हैं। गौरिहार में पार्किंग के लिए स्टेडियम के पास विशिष्ट अतिथियों (वीवीआईपी) के लिए जगह आरक्षित की गई है, सड़क किनारे दोपहिया-चारपहिया वाहनों और बसों के लिए अलग-अलग पार्किंग होगी। सरवई तिराहा से गहबरा तिराहा तक भारी वाहनों का आवागमन बंद रहेगा। सरवई से मटौंध (जिला बांदा) जाने वाले वाहन गहबरा तिराहा, सिचहरी चौराहा से गौरिहार कस्बे होते हुए जाएँगे, और मटौंध से सरवई आने वाले वाहन भी इसी मार्ग से गुजरेंगे। लवकुश नगर, बसंतपुर, बारीगढ़ से मटौंध जाने वाले वाहन सिचहरी चौराहा, गौरिहार कस्बे और सरवई तिराहा से होकर जाएँगे। मऊसहनिया में हेलीपैड और कार्यक्रम स्थल के पास विशिष्ट अतिथियों के लिए पार्किंग होगी, जबकि आम जनता के लिए मऊसहनिया से नौगाँव मार्ग के दोनों ओर पार्किंग की व्यवस्था है। नौगाँव-महोबा चौराहे से देवपुर तिगेला तक मार्ग बंद रहेगा। छतरपुर से नौगाँव, झाँसी जाने वाले वाहन देवपुर तिगेला से चार लेन राजमार्ग से जाएँगे, और नौगाँव से छतरपुर आने वाले वाहन महोबा चौराहे से चार लेन राजमार्ग से गुजरेंगे। प्रशासन ने लोगों से वैकल्पिक मार्गों का उपयोग करने की अपील की है।

### मुख्यमंत्री के आगमन से पहले लवकुशनगर को जिला बनाने की माँग तेज -

गौरिहार तहसील में आज मुख्यमंत्री मोहन यादव के आगमन से पहले लवकुशनगर को जिला बनाने की माँग को लेकर स्थानीय लोगों ने समर्थन जताया है। इस माँग के समर्थन में गौरिहार की जनता मुख्यमंत्री के स्वागत के दौरान बाजार बंदी कर जिला बनाने की माँग उठाएगी। मुख्यमंत्री मोहन यादव आज गौरिहार में जल संवर्धन सहित अन्य विकास कार्यों की रूपरेखा प्रस्तुत करने आ रहे हैं। इस दौरान गौरिहार अनुभाग से सटे लवकुश नगर अनुभाग के लोग अपनी दशकों पुरानी माँग को फिर से जोर-शोर से उठाने की तैयारी में हैं। लवकुश नगर को जिला बनाने की माँग को लेकर क्षेत्र में कई बार आंदोलन हो चुके हैं, जिसमें युवाओं ने गाँव-गाँव जन चौपाल लगाकर, नेताओं और अधिकारियों को ज्ञापन सौंपकर, खूनी हस्ताक्षर अभियान चलाकर, दीवार लेखन और बाजार बंदी जैसे कदम उठाए हैं। गौरिहार अनुभाग के वरिष्ठ समाजसेवी और युवाओं ने भी इस माँग को भरपूर समर्थन दिया है। उन्होंने समर्थन पत्र में हस्ताक्षर कर लवकुश नगर को जिला बनाने की माँग को मजबूती दी है। गौरिहार की जनता ने ऐलान किया है कि वे मुख्यमंत्री के स्वागत के दौरान बाजार बंदी कर इस माँग को उनके सामने रखेंगे, ताकि क्षेत्र के विकास को नई दिशा मिल सके।

## खबर संक्षेप

### चोरी की कोशिश नाकाम, सूने घर में घुसा शातिर चोर पकड़ा गया

**रीवा।** शहर के बिछिया थाना क्षेत्र के विश्वनाथ नगर में रविवार रात एक युवक उस समय लोगों के हत्थे चढ़ गया जब वह एक सूने मकान में चोरी की नीयत से दाखिल हुआ। सजग पड़ोसियों की तत्परता से बड़ी वारदात टल गई और आरोपी को मौके पर ही पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, मकान मालिक शैलेंद्र सिंह गहरवार अपने गांव बड़ागांव किसी पारिवारिक कारणवश गए हुए थे। इसी दौरान देर रात लगभग दो बजे पड़ोस में रहने वाले अनंत शुक्ला को शैलेंद्र सिंह के घर से संदिग्ध आवाजें सुनाई दीं। उन्होंने तत्काल शैलेंद्र सिंह को फोन कर स्थिति से अवगत कराया। पड़ोसियों ने बिना देर किए सतर्कता दिखाते हुए मकान की घेराबंदी कर दी। कुछ ही देर में आरोपी को घर के भीतर से रंगे हाथों पकड़ लिया गया। आरोपी की पहचान अमन सोंधिया, निवासी रीवा, के रूप में हुई है। घटना की जानकारी मिलते ही शैलेंद्र सिंह तत्काल बड़ागांव से रीवा रवाना हुए। घर पहुंचने पर उन्होंने पाया कि एक खिड़की और एक कमरे का ताला टूटा हुआ था, साथ ही घर के बाहर लगाया गया सीसीटीवी कैमरा भी क्षतिग्रस्त किया गया था। पूरी घटना की रिकॉर्डिंग सीसीटीवी फुटेज में दर्ज है, बिछिया थाना पुलिस ने मौके पर पहुंचकर आरोपी को हिरासत में लिया और उसके खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धाराओं के अंतर्गत मामला पंजीबद्ध कर जांच प्रारंभ कर दी है। पुलिस यह भी पता लगाने का प्रयास कर रही है कि आरोपी किसी गिरोह से जुड़ा है या यह उसकी एकल वारदात थी।

### संभागीय अधिकारियों ने जल गंगा संवर्धन अभियान में निभाई सहभागिता

**रीवा।** संभाग के सभी जिलों में 30 मार्च से जल गंगा संवर्धन अभियान चलाया जा रहा है। अभियान की मानीटरिंग के लिए कमिश्नर बीएस जामोद द्वारा संभागीय अधिकारियों के 6 दल तैनात किए गए हैं। अधिकारियों के दल ने रीवा जिले के सेमरिया विकासखण्ड में जल गंगा संवर्धन अभियान के क्रियान्वयन का जायजा लिया। इस संबंध में दल के सदस्य संयुक्त संचालक महिला एवं बाल विकास श्रीमती ऊषा सिंह सोलंकी ने बताया कि ग्राम बरा में जल संरक्षण और संवर्धन कार्यों का अवलोकन किया गया। गांव में खेत तालाब तथा स्टापडैम का निर्माण किया जा रहा है। ग्रामवासियों को जल संरक्षण के कार्यों के संबंध में जागरूक किया गया। ग्राम पंचायत के सरपंच, सचिव तथा ग्रामवासियों से जल गंगा संवर्धन अभियान के संबंध में जानकारी ली गई। इसके बाद आंगनवाड़ी केन्द्र का निरीक्षण किया गया। आंगनवाड़ी कार्यकर्ता से बच्चों के टीकाकरण, पोषण आहार के वितरण, वजन तथा माप के आधार पर बच्चों के पोषण स्तर के निर्धारण एवं टीएचआर वितरण की जानकारी दी गई। निरीक्षण के समय अधीक्षण यंत्री विद्युत मण्डल प्रभा पाण्डेय तथा अन्य सदस्य शामिल रहे।

### कलेक्टर की अध्यक्षता में 30 मई को विभिन्न बैठकों का आयोजन

**रीवा।** कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल की अध्यक्षता में 30 मई को विभिन्न बैठकों का आयोजन किया गया है। कलेक्ट्रेट में सुबह 11 बजे से शिक्षकों के स्वत्वों के भुगतान के संबंध में विकासखण्ड शिक्षा अधिकारियों की बैठक आहूत की गई है। इसी क्रम में दोपहर 12 बजे वर्षाकाल प्रारंभ होने से पूर्व जिले की सभी सड़कों की मरम्मत के संबंध में बैठक होगी जबकि शाम 4 बजे हिट एण्ड रन प्रकरणों की समीक्षा के उपरांत शाम 4.30 बजे आदिमजाति कल्याण विभाग से संबंधित अनुसूचित जाति एवं जनजाति के प्रकरणों में राहत राशि के आवंटन वितरण की समीक्षा की जायेगी।

### मीडिएशन जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन एवं विधिक साक्षरता शिविर संपन्न

**रीवा।** मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार जिला एवं सत्र न्यायाधीश राकेश मोहन प्रधान के मार्गदर्शन एवं सुधीर सिंह राठौड़ जिला न्यायाधीश के मुख्य आतिथ्य में ए.डी.आर भवन में मीडिएशन जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।श्री राठौड़ ने इस अवसर पर कहा कि मीडिएशन में आपसी समझौते के माध्यम से मामलों का निराकरण होता है जिससे त्वरित गति से मामलों के निराकरण से न्यायालय में लंबित मुकदमों की सख्या घटती है वही दूसरी और दोनों पक्षों में संबंधो में मीठास उत्पन्न होती है और समाज में समरसता का वातावरण बनता है। जिला विधिक सहायता अधिकारी अभय कुमार मिश्रा ने मीडिएशन एवं लोक अदालत के विषय मे जानकारी देते हुये बताया कि मीडिएशन एवं लोक अदालत दोनों ही विवाद के निपटारों का वैकल्पिक समाधान है।

---

### गर्भवती महिला के समय पर पंजीयन न करने वालों पर कार्यवाही करने के निर्देश

# मातृ मृत्यु दर और शिशु मृत्यु दर पर नियंत्रण के प्रभावी उपाय करें

कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक में कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने स्वास्थ्य विभाग के योजनाओं की समीक्षा की। कलेक्टर ने कहा कि मातृ मृत्यु दर और शिशु मृत्यु दर की स्थिति संतोषजनक नहीं है। इन पर नियंत्रण के लिए प्रभावी उपाय करें।




हरिभूमि न्यूज, रीवा।

जिला स्तर से लेकर ग्राम स्तर तक निर्धारित प्रोटोकाल का कठोरता से पालन कराते हुए गर्भवती महिलाओं की जाँच और फालोअप करें। गर्भवती महिलाओं के समय पर पंजीयन न करने वाले आशा कार्यकर्ता पर कड़ी कार्यवाही करें। सभी बीएमओ टीकाकरण केन्द्र एवं प्रसव केन्द्र में व्यवस्थाएं सुनिश्चित करें। विभागीय पोर्टल में महिलाओं के पंजीयन, टीकाकरण तथा अन्य जानकारियाँ बीएमओ सात दिवस में दर्ज कराएं। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी हर माह की 9 और 25 तारीख को लगाए जाने वाले शिविरों में अनुपस्थित डॉक्टरों के विरूद्ध कार्यवाही करें। कलेक्टर ने बीएमओ गंगेव के विरूद्ध कार्यवाही करने तथा ग्राम धर्मपुरा की आशा कार्यकर्ता की सेवा समाप्त करने एवं एएनएम को निलंबित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि सभी बीएमओ गर्भवती महिलाओं के पंजीयन तथा नियमित जाँच की हर सप्ताह समीक्षा करके रिपोर्ट प्रस्तुत करें। टीकाकरण केन्द्र में आवश्यक उपकरणों के साथ एएनएम तथा सीएचओ अनिवार्य रूप से उपस्थित रहें। सीएचओ को सभी आठ सत्रों में उपस्थित रहने पर ही प्रोत्साहन राशि मंजूर करें। प्रत्येक मंगलवार तथा शुक्रवार को टीकाकरण करने के साथ-साथ गर्भवती महिलाओं की जाँच एवं अन्य विभागीय गतिविधियों पर भी ध्यान दें। क्षेत्र का भ्रमण न करने वाले कर्मचारियों पर भी कड़ी कार्यवाही करें। बीएमओ टीकाकरण, गर्भवती महिलाओं के पंजीयन और जाँच का उप स्वास्थ्य केन्द्रवार डाटा का विश्लेषण कर उसमें मिली कमियों को दूर करें। हाई रिस्क गर्भवती महिला की स्वास्थ्य की हर सप्ताह जानकारी लें। उसकी सभी प्रमुख जाँचे विकासखण्ड स्तर पर की जा सकती हैं। उसे रेफर करते समय जाँच और उपचार की पूरी रिपोर्ट आशा कार्यकर्ता के साथ भेजें। महिला के संबंध में जिला चिकित्सालय और मेडिकल कालेज को भी बीएमओ रेफर के समय ही सूचना दे दें जिससे महिला को तत्काल उपचार सुविधा मिल सके। पंजीकृत 71081 महिलाओं में से 16245 एनिमिक पाई गईं। इनमें से 1552 हाईरिस्क चिन्हित की गईं। हाई रिस्क महिलाओं में से केवल 476 को ही खून चढ़ाया गया। शेष महिलाओं का बीएमओ और जिला स्तर से फालोअप नहीं किया गया। इस स्थिति में सुधार करें। कलेक्टर ने कहा कि सीएमएचओ वर्ष 2024-25 में अब तक हुई 52 गर्भवती और प्रसूता महिलाओं की मौत में प्रत्येक प्रकरण के कारण सहित रिपोर्ट दें, जिनमें मृत्यु के कारण का स्पष्ट उल्लेख करते हुए उत्तरदायी के विरूद्ध कार्यवाही प्रस्तावित करें। जिन स्थानों में गर्भवती महिलाओं की जाँच की जाती है वहाँ डिजिटल थर्मामीटर, डिजिटल ग्लूकोमीटर, पल्स ऑक्सीमीटर, बीपी इन्स्ट्रूमेंट तथा अन्य आवश्यक उपकरण तत्काल उपलब्ध कराएं। हर माह 9 और 25 तारीख को गर्भवती महिलाओं की निःशुल्क जाँच की कारगर व्यवस्था करें। बीपीएम और बीपीओ के कार्यों की समीक्षा करके रिपोर्ट प्रस्तुत करें। इसी के आधार पर उनके अनुबंध का नवीनीकरण किया जाएगा। शिशुओं और गर्भवती महिलाओं का संपूर्ण टीकाकरण 92 प्रतिशत है, लेकिन तीन विकासखण्डों में प्रगति ठीक नहीं है। अतिरिक्त दल तैनात कर शत-प्रतिशत टीकाकरण कराएं। बैठक में कलेक्टर ने पोषण पुनर्वास केन्द्र में कुपोषित बच्चों की भर्ती, एसएनसीयू के भर्ती बच्चों के फालोअप तथा चाइल्ड डेथ रिपोर्ट के संबंध में निर्देश दिए। बैठक में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ संजीव शुक्ला ने बताया कि लक्षित गर्भवती में से 87 प्रतिशत का समय पर पंजीयन करके उनकी नियमित जाँच की गई है। हाई रिस्क महिलाओं के लिए जिला अस्पताल सहित पाँच अस्पतालों में वेटिंग रूम की व्यवस्था की गई है जहाँ प्रसव से एक सप्ताह पूर्व महिलाएं भर्ती हो सकती हैं। उप स्वास्थ्य केन्द्रों तथा प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों में आवश्यक दवायें तथा उपकरण तत्काल उपलब्ध कराए जा रहे हैं। शिशुओं के टीकाकरण के लिए निर्धारित 40829 सत्रों में से 38583 सत्रों का आयोजन करके 92 प्रतिशत टीकाकरण किया गया है। टीकाकरण में लापरवाही बरतने वाली एएनएम का वेतन रोका गया है। बैठक में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने विभागीय योजनाओं की प्रगति की जानकारी दी। बॉक्स बैठक में ये रहे उपस्थित बैठक में सिविल सर्जन डॉ प्रतिभा मिश्रा, टीकाकरण अधिकारी डॉ बीके अग्निहोत्री, जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास श्रीमती प्रतिभा पाण्डेय, डीपीएम राघवेन्द्र मिश्रा, जिला क्षय अधिकारी डॉ अनुराग शर्मा, डॉ सुनील अवस्थी तथा सभी बीएमओ, बीपीओ उपस्थित रहे।

---



# तेज रफ्तार हाइवा की चपेट में आई मासूम, हुई मौत

### आक्रोशित परिजनों ने किया चक्काजाम,चोरहटा थाना क्षेत्र के बनकुईया की घटना

**रीवा।** शहर के चोरहटा थाना क्षेत्र के बनकुईया में तेज रफ्तार हाइवा की चपेट में आने से एक 10 वर्षीय बालिका की मौत हो गई। घटना दोपहर करीब 3 के आसपास रीवा- सेमरिया मार्ग में बनकुइया के पास हुई। बताया जा रहा है रेत से लोड हाइवा की चपेट में आने से नेहा कोल पिता रामहित कोल 10 वर्ष निवासी रहट की मौत हो गई। जानकारी दी गई कि रामहित अपने परिवार के साथ बनकुईया में रहकर मजदूरी करता था, मासूम बालिका दुकान के बाहर खड़ी थी तभी रीवा की ओर से बालू लोड करके जा रहे डंपर की चपेट में आने के कारण घटनास्थल पर ही उसकी मौत हो गई। घटना के बाद आक्रोशित लोगों ने ट्रक चालक को पकड़ लिया और रास्ते पर जाम लगाकर मुआवजा सहित आरोपी ट्रक चालक एवं मलिक के ऊपर कार्यवाही की मांग की है, जिसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने चालक को गिरफ्तार कर हाइवा को जब्त कर लिया है साथ ही मासूम के शव को पीएम के लिए अस्पताल भिजवाया गया है।

---

### बेटी के बाल विवाह की तैयारी में थे परिजन, शिकायत मिलने पर प्रशासनिक टीम ने रोका

# प्रशासन की सजगता से टला बाल विवाह

हरिभूमि न्यूज, रीवा।



जिले के जवा तहसील अन्तर्गत महिला एवं बाल विकास विभाग और पुलिस की सतर्कता से होने जा रहे बाल विवाह को रोक गया है, बता दे किसी स्थानीय व्यक्ति ने पुलिस से शिकायत की थी एक परिवार में बाल विवाह कराया जा रहा है, सूचना पुलिस सहित अधिकारी मौके पर पहुंच गए और परिजनों को बाल विवाह न करने की समझाइश दी गई। हालांकि लड़की का पिता विवाह करने पर अड़ा हुआ है। प्रशासन इस आयोजन की गतिविधियों पर नजर बनाए हुए है। मामला जवा थाना के ग्राम बवंधरका बताया गया है बता दे जवा थाना क्षेत्र में रहने वाले यादव परिवार की बेटी का विवाह चकघाट स्थित चंदई गांव में रहने वाले यादव परिवार के 22 वर्षीय बेटे से तय हुआ था, शादी की शुरुआती रस्में पूरी हो चुकी थी, 27 मई 2025 को शादी होनी थी. घर पर शादी की खुशियां मनाई जा रहीं थी,पूरा परिवार जोर-शोर से शादी की तैयारियों में जुटा हुआ था, घर में पंडाल सज चुका था और रिश्तेदार भी आ चुके थे, लेकिन किसी ने नाबालिग बेटी की शादी कराए जाने की शिकायत पुलिस में कर दी। पुलिस और माहिला एवं बाल विकास को शिकायत मिली की,जिस बेटी की शादी मंगलवार 27 मई 2025 को कराई जा रही है, उसकी उम्र 16 साल 5 महीन हुई है,लाड़ली लक्ष्मी योजना के आश्वाशन प्रमाण पत्र में बेटी की जन्मतिथि 05 दिसंबर 2008 दर्ज है,बेटी की मंगलवार को बारात आनी थी, शादी से पहले ही पुलिस और महिला एवं बाल विकास के अधिकारी कर्मचारी मौके पर पहुंच शादी रुकवा दी और बेटी के परिजनों से समझाइश दी, वहीं बेटी के परिवार वाले उसकी शादी आज ही कराने के लिए अड़ गए है। पूरे मामले में पुलिस अधीक्षक विवेक सिंह ने बताया गया है कि बवंधर गांव के एक यादव परिवार के यहां 16 साल की लड़की का 18 वर्ष के लड़के के साथ विवाह - किया जा रहा था। यह आयोजन 26 एवं 27 मई को रखा गया था। सूचना मिलने पर महिला बाल विकास विभाग की बाल विवाह रोकने वाली टीम पुलिस के साथ मौके पर पहुंच गई और बाल विवाह करने से रोक दिया गया है। बॉक्स लडके पक्ष को भी दी जा रही समझाइस, 27 मई के दिन जवा मे बारात आनी है किसी भी हाल मे यह बाल विवाह न हो इसके लिए पुलिस की टीम अपनी पैनी नजर बनाए हुए थी वहीं पुलिस की एक टीम लड़के पक्ष वालो के घर चाकघाट भेजी गई है उन्हें भी ससमझाइस दी जा रही है की अगर वह इस तरह से वैवाहिक आयोजन मे सम्मलित होंगे तो वह भी इस मामले मे अपराधी बनेंगे और उनके विरुद्ध भी प्रकरण दर्ज करते हुए कड़ी कार्रवाई की जाएगी। जिसके बाद बाल विवाह रोका गया।

---

### पुलिस ने धारदार हथियार के साथ चार शातिर आरोपियों को किया गिरफ्तार

# सिटी कोतवाली पुलिस ने आर्मस एक्ट के तहत की कार्रवाई



हरिभूमि न्यूज, रीवा।

शहर के सिटी कोतवाली पुलिस ने अलग-अलग स्थानों पर दबिश देकर चार बदमाशों को धारदार हथियार के साथ गिरफ्तार कर आर्मस एक्ट के तहत कार्रवाई की है। घटना के संबंध में कोतवाली पुलिस से हासिल जानकारी के मुताबिक निपनिया पुरानी पुल के पास पकड़ा गया आरोपी धारदार चाकू लिए आने जाने वाले लोगों को डरा धमका रहा था, जिसके बाद पुलिस टीम ने उसे गिरफ्तार किया वहीं दूसरा आरोपी अशोक नगर के पास में धारदार चाकू के साथ पकड़ाया तो वहीं तीसरे आरोपी को पुलिस ने बदरिया मोड के पास से पकड़ा। इसी तरह चौथा आरोपी अखाड घाट के पास धारदार चाकू लेकर लोगों को धमकाते पकड़ा गया। पुलिस ने आरोपी जयंत चिकवा पिता भारत चिकवा निवासी चिकान टोला, अनुराग स्वीपर पिता मंगल स्वीपर निवासी गुढ चौराहा, मिथुन लोनिया पिता भगवानदास लोनिया निवासी कबाडी मोहल्ला व मंसूर मंसूरी पिता शेख अहमद मंसूरी निवासी तरहटी को गिरफ्तार कर आर्मस एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

---

# अस्थि विसर्जन के लिए प्रयागराज जा रहे बोलेरो की ट्रक से हुई भिड़ंत, आधा दर्जन घायल

### मनगवां के पास हुआ दर्दनाक हादसा, चालक को झपकी आने की आशंका

हरिभूमि न्यूज, रीवा।



अस्थि विसर्जन के लिए प्रयागराज जा रहे एक परिवार की यात्रा उस समय दर्दनाक हादसे में बदल गई जब उनकी बोलेरो ट्रक से जा भिड़ी। यह हादसा सोमवार देर रात मनगवां थाना क्षेत्र के अंतर्गत हुआ, जिसमें आठ लोग घायल हो गए। इनमें से तीन की हालत नाजुक बताई जा रही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, छत्तीसगढ़ के दुर्ग जिले से एक परिवार अपने दिवंगत सदस्य की अस्थियों को गंगा में विसर्जित करने प्रयागराज जा रहा था। रास्ते में मनगवां के पास तेज रफ्तार बोलेरो अचानक बेकाबू हो गई और सामने से आ रहे ट्रक से टकरा गई। हादसे के बाद वाहन के परखच्चे उड़ गए और सवारियों में चीख-पुकार मच गई,सूचना मिलने पर मनगवां पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची और स्थानीय लोगों की मदद से सभी घायलों को रीवा के संजय गांधी अस्पताल पहुंचाया गया। चिकित्सकों के अनुसार तीन घायलों की हालत गंभीर बनी हुई है। घटना को लेकर पुलिस ने प्रारंभिक जांच में यह आशंका जताई है कि बोलेरो चालक को नींद की झपकी आई, जिससे वह वाहन पर नियंत्रण नहीं रख सका और यह भीषण टक्कर हुई। इस बात की पुष्टि घायलों के परिजनों ने भी की है। उन्होंने बताया कि चालक लंबे समय से लगातार वाहन चला रहा था, संभवतः थकान के चलते उसकी आंख लग गई।

---

### पति की दूसरी शादी रुकवाने हेतु पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंची पीड़ित
### पुलिस अधीक्षक ने शादी रोकने के लिए टी आई हनुमना को दिए निर्देश

मऊगंज



जिले के हनुमना थाना क्षेत्र का जहां पर ममता यादव पति राजेश यादव निवासी ग्राम चरैया थाना हनुमना की रहने वाली है ममता यादव के द्वारा पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर पति के ऊपर एवं ससुराल पक्ष के ऊपर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा जा रहा है कि उन्हें दहेज के लिए प्रताड़ित करते थे और उनके साथ मारपीट करते थे एवं उसको मारपीट कर घर से निकाल दिए है जिसके बाद पीड़ित हनुमना थाने में शिकायत दर्ज कराई अब अचानक पता चला कि पति राजेश यादव दूसरी शादी कर रहा हैं जिसकी सूचना ममता यादव एवं उनके परिजनों के द्वारा हनुमना थाने एवं एसडीएम हनुमना को दिया गया फिर भी कार्यवाही नहीं हुई जिससे आज दिनांक 28 मई को पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर ममता यादव पुलिस अधीक्षक से मिली और अपनी आपबीती सुनायी जिसके बाद पुलिस अधीक्षक द्वारा एक्शन में लेते हुए टी आई को सख्त निर्देश दिए की जाकर तत्काल में शादी रुकवाएं और कार्यवाही करें।

---

# आबकारी टीम ने की अवैध मदिरा के विरुद्ध कार्रवाई



**मऊगंज।** जिले मे आबकारी टीम द्वारा अवैध मदिरा के विरुद्ध बड़ी कार्यवाही करते हुए ग्राम-निरपत सिंह पहाड़ी मे निलेश साकेत के रिहायशी माकान से 460 किलोग्राम महुआ लाहन,आशा साकेत के रिहायशी माकान से 260 किलोग्राम महुआ लाहन,ग्राम उमरी मे श्याम कली जायसवाल के रिहायशी माकान से 560 किलोग्राम महुआ लाहन,सत्यबती जायसवाल के रिहायशी माकान से 440 किलोग्राम महुआ लाहन ग्राम-बकुलीय मे जानकी प्रजापति के रिहायशी मकान से 280 किलोग्राम महुआ लाहन,ग्राम-पटेहरा मे सबिता साकेत के रिहायशी मकान से 240 किलोग्राम महुआ लाहन,जब्त कर म०प्र० आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34(1)(च) के तहत प्रकरण दर्ज किये गये। आज की कार्यवाही में कुल 6 प्रकरणों मे 2240 किलोग्राम महुआ लाहन बरामद किया गया जिसकी अनुमानित कीमत 224000 रुपए /- है।सहायक आबकारी आयुक्त रीवा द्वारा बताया गया कि अवैध मदिरा के परिवहन,निर्माण विक्रय के विरुद्ध यह कार्यवाही लगातार जारी रहेगी।